संदर्भ शर्तें (टीओआर)
कनसल्टेंट – सतत विकास लक्ष्यों का कार्यान्वयन
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्व :

1. राज्यों को तकनीकी एवं हैंडहोल्डिंग समर्थन उपलब्ध कराना
2. कार्यक्रम दस्तावेज एवं प्रस्तुतियों का मसौदा तैयार करना और विभागीय साझेदारों के साथ संपर्क
3. स्वास्थ्य प्रणालियों की विद्यमान संरचना के विविध पहलुओं के बारे में स्थितिपरक विश्लेषण में समर्थन करना। परियोजना और स्थितिपरक विश्लेषण से प्राप्त प्रस्तावों/रणनीतियों का विकास एवं कार्यान्वयन सुगम बनाना।
4. विभिन्न राज्यों में कार्यक्रमों की स्थिति का अध्ययन और समीक्षा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को फीडबैक उपलब्ध कराना।
5. सहमति पर आधारित लक्ष्यों और परियोजना संकेतकों से संबंधित मासिक डैशबोर्ड के साथ की गई प्रगति के आधार पर तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा करना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ साझा करना।
6. क्षेत्र दौरों, एचएमआईएस से आंकड़ों और अवलोकनों का विश्लेषण एवं उपयोग, कार्यान्वयन में बाधाओं को दूर करने के लिए तिमाही प्रगति रिपोर्ट और प्रमाण आधारित अनुसंधान के साथ आगे के लिए सुझाव देना।
7. स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए निर्णय करना सुगम बनाने के लिए राज्यों से प्रस्तावों और कार्यक्रमों का मूल्यांकन।
8. केंद्र या राज्य स्तर पर कार्यान्वयन साझेदारों के साथ संपर्क।
9. मंत्रालय के अन्य प्रभागों के साथ समन्वय और सहयोग करना।
10. सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य और दिए गए कार्यों को करने के दृष्टिकोण के बारे में व्यापक दायरे एवं अवलोकन के साथ मल्टीटास्किंग (एक साथ अनेक कार्य करना) में सक्षम।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव :

I) अनिवार्यः

- मेडिकल/डेंटल/राजनीतिक विज्ञान स्नातक के साथ सामुदायिक चिकित्सा/सार्वजनिक स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान/महामारीविज्ञान/स्वास्थ्य नीति और नियोजन में स्नातकोत्तर योग्यता।
- शैक्षिक योग्यता के पश्चात कम से कम 3 वर्ष का अनुभव, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली एवं अनुसंधान में कार्य अनुभव अत्यधिक वांछनीय होगा।
- भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों और विभिन्न संबंधित पक्षों की भूमिका की समझ।
- हस्तक्षेपों एवं कार्यक्रम की स्थिति की समीक्षा के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने को इच्छुक और असाइनमेंट्स को समयसीमा के अंदर पूरा करने के लिए एक साथ अनेक कार्यों पर और कार्यालय समय से परे जाकर काम करने की क्षमता।

- कंप्यूटर कौशलः सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे पैकेज में प्रवीणता। डेस्क रिसर्च, साहित्य समीक्षा और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज एक्सेस करने के लिए इंटरनेट उपयोग करने की क्षमता।
- सांख्यिकी और एसपीएसएस एवं एसटीएटीए जैसे सांख्यिकी सॉफ्टवेयर के उपयोग में प्रशिक्षित।
- अनिवार्य रूप से टीम भावना और अनेक क्षेत्रों की टीम के साथ काम करने की क्षमता तथा अच्छी अंतरवैयक्तिक क्षमताएं।
- अंग्रेजी में अच्छा संचार कौशल – लिखित एवं मौखिक दोनों, प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट लिखने की क्षमता सभी अनिवार्य हैं।
- दिए गए कार्य को अपने आप या मामूली पर्यवेक्षण के साथ करने की क्षमता।
- कार्यक्रम/नीति स्तर पर अनेक विषयों के क्षेत्र में कार्य करने, निगरानी एवं मूल्यांकन, आंकड़ों के विश्लेषण की दक्षता और अनुभव।
- उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतरवैयक्तिक क्षमताएं।

II) वांछनीयः

- राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में अनुभव।
- स्वास्थ्य प्रणाली, आंकड़ों के विश्लेषण और स्थिति विश्लेषण में प्रासंगिक अनुभव।
- स्वास्थ्य प्रणाली या सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, स्थानीय निकायों के साथ कार्य करने के अनुभव को अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।

उम्र सीमा : 45 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त करने की तिथि को)

कार्य का स्थानः पद नई दिल्ली में स्थित है। विभिन्न राज्यों और जिलों की यात्रा संभव।

परिलब्धि की सीमा : रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/– के बीच

***इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी।**

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **29-Nov-2022** है।